दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 25 अगस्त 2026

# धार के सरदारपुर में चलती बस बनी आग का गोला

## खिड़कियां तोड़कर निकले यात्री; बाल-बाल बची कई जानें



सरदारपुर धार ● एजेंसी

**गुजरात के सूरत से उत्तर प्रदेश के कानपुर जा रही यात्री बस में आधी रात को धार जिले के सरदारपुर नगर की भोपावर चौकी से कुछ दूरी पर अचानक आग लग गई। बस से धुआं निकलता देख चालक ने बस रोकी और मौके से भाग निकला।**

इसके बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्रियों ने दरवाजे से निकलकर जान बचाई, जबकि कुछ यात्रियों को खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर निकलना पड़ा। हादसे में कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, वहीं कई यात्रियों का सामान जलकर राख हो गया। यात्रियों ने बताया कि गुजरात के दाहोद के पास एक होटल पर बस को करीब चार घंटे रोककर उसमें काम भी करवाया गया था। इसके बाद बस आगे रवाना हुई।

कानपुर निवासी नीलम पाल ने बताया कि वह अपने आठ वर्षीय बेटे के साथ गांव जा रही थीं। अचानक बस में धुआं भरने लगा। स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने अपने बेटे को खिड़की से बाहर निकाला और इसके बाद खुद भी किसी तरह बस से बाहर निकलकर जान बचाई।



# भोजशाला मुद्दे पर धार बंद

धार ● एजेंसी

भोजशाला मामले को लेकर हिंदू समाज के आह्वान पर आज धार में बंद रखा गया है। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इससे सामान्य दिनों की तुलना में बाजारों में सन्नाटा नजर आया। स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर खुले रहे। बंद को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## छात्राओं का प्रेग्नेंसी टेस्ट

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में आदिवासी छात्राओं का प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया जा रहा है।

## राम रहीम को फिर मिली पैरोल

**रोहतक.एजेंसी।** हरियाणा के रोहतक जेल में बंद डेरा प्रमुख राम रहीम को 17वीं बार पैरोल मिल गई है। रेप मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे राम रहीम को 21 दिन की पैरोल मंजूर हुई है। जेल से निकलकर राम रहीम सिरसा पहुंचेगा।

# सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कांवड यात्रा में पहुंचे लाखों कांवड़िये

## सीहोर में आस्था का विराट संगम



सीहोर ● एजेंसी

मध्य प्रदेश के सीहोर में आज सीवन नदी के तट से कुबेरश्वर धाम तक 11 किलोमीटर लंबी विशाल कांवड़ यात्रा निकल रही है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और उत्तरप्रदेश सहित कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु इसमें हिस्सा ले रहे हैं। पं. प्रदीप मिश्रा भी कांवड़ उठाएंगे। सीवन नदी से जल लेकर श्रद्धालु 11 किलोमीटर पैदल चलकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस कांवड़यात्रा के कारण यहां आस्था का विराट संगम दिखाई दे रहा है। कांवड़ यात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी हो रही है। कांवड़यात्रा के रास्ते में 100 से ज्यादा स्टाल लगाए गए हैं, 1200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। कई मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं।

## गडकरी लेंगे संन्यास

**मंगलवार.एजेंसी।** बेदाग छवि वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पिछले कुछ दिनों से इथेनॉल के मामले में विवाद में घिरे हुए हैं। अब उन्होंने नागपुर में यह कहकर सनसनी फैला दी कि वे अब ज्यादा काम नहीं कर सकते और नई पीढ़ी को मौका दिया जाना चाहिए। इस बयान से यह अटकलें लग रही हैं कि गडकरी राजनीति से संन्यास लेंगे।

# अब 2 महीने में बेचनी होगी इंपोर्टेड चीनी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** चीनी के बढ़ते दामों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने इसके आयात से जुड़े नियमों को सख्त कर दिया है। अब टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के तहत विदेश से आने वाली कच्ची चीनी को पहले रिफाइन करके सफेद चीनी बनाना होगा और फिर इसे देश के बाजार में बेचना जरूरी होगा। सरकार ने इसके लिए दो महीने की डेडलाइन तय की है। यानी आयात की गई कच्ची चीनी को देश में आने के 60 दिनों के अंदर प्रोसेस कर घरेलू बाजार में बेचना होगा।

# अब 35 रुपए में मिलेगा प्याज, दिल्ली के लिए रवाना हुई कांदा एक्सप्रेस

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्याज की आपूर्ति बढ़ाने और ऊंची कीमतों को थामने के लिए महाराष्ट्र से खास रेलवे रैक कांदा एक्सप्रेस रवाना हो गई है। यह आज दिल्ली पहुंचेगी, जहां से देश के बाकी हिस्सों तक बुधवार तक प्याज की आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद केंद्र सरकार दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, कोलकाता और गुवाहाटी में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सस्ता प्याज बेचने की शुरुआत करेगी।




# 19 बेटियों संग कांवड़ लेकर निकले पिता

**भागलपुर.एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज से लाखों कांवड़िया गंगा जल



लेकर देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं। झारखंड के गोड्डा जिले के रहने वाले संजीव कुमार आस्था की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए अपने परिवार की 19 बेटियों के साथ बाबा दरबार की ओर चल पड़े हैं। सभी बेटियां केसरिया वस्त्र में कांवड़ लेकर मुंगेर के असरगंज कच्ची कांवरिया पथ पर पहुंचीं तो लोग उन्हें देखते ही रह गए। इस दौरान लोग उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए।



## जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज के दर्शन कर कैलाश विजयवर्गीय ने लिया आशीर्वाद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज से मिलने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे और संत से आशीर्वाद लिया। क़ार्यक्रम में आर.के. माहेश्वरी, अनिल फरांदे, राजीव सचदेवा, महेश वर्मा, पंकज वर्मा, उज्जवल शेन्डे सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विधायक और एमआईसी सदस्य भी पहुंचे कावड़ यात्रा में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मां अष्ठम सेवा समिति के तत्वावधान में पंचम की फेल से गुटकेश्वर महादेव मंदिर देव गुराडिया तक कावड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में बोल बम के जयकारे लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। प्रेम जारवाल, ने बताया कि विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, मुकेश राजावत, रघु यादव, अजीत रघुवंशी, नीतेश जैन, सुभाष धौलपुरे, अजयसिंह नरुका, गंगाराम जिनवाल,प्रभुलाल लोखंडे, भीमसिंह चौहान, द्रोपदी जारवाल, संतोष जोनवाल, गौरव करोसिया,जितेंद्र धवन,अरविंद भंडारी,निखिल लोदवाल, अशोक लोदवाल, उमेश लोदवाल उपस्थित थे।






## बुजुर्गों को भोजन और नेत्र जांच शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा क़ा जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आंखों की जांच शिविर लगाया गया। अभय वर्मा, राजेश चौकसे, अमित चौरसिया, शेख शाकिर मसूदी, मधुसूदन भलिका, बंटी बदलानी सहित अन्य मौजूद थे। आश्रम में बंटी बदलानी, मधुसूदन भलिका ने वृद्धजनों को भोजन कराया।

## काम शुरू कराने भीड़ के साथ पहुंचे पार्षद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा पांच के वार्ड 47 झोन 9 के वल्लभ नगर में लम्बे समय से गंदे पानी नल से और ड्रेनेज की समस्या से रहवासी परेशान थे। क्षेत्रीय पार्षद एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने भीड़ के साथ नई ड्रेनेज लाइन की सौगात दी जिससे बम्बई की चाल वाले रहवासियों को काफी फायदा होगा।



## बहराणा साहिब यात्रा का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भगवान झूलेलाल जी के जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में सिंधूनगर रहवासी संघ द्वारा बहराणा साहिब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के संतजनों, ब्राह्मणों, वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों ने शिरकत की। सिंधी समाज से जुड़े भाजपा नेता पंकज फतेहचंदानी ने बताया बहराणा साहिब यात्रा का शुभारंभ श्री मोहनधाम मंदिर से हुआ, जो सिंधूनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई माता मंदिर सिंधूनगर पहुँची। समापन स्थल पर भगवान झूलेलाल जी की आरती और अच्छी बरसात की कामना भी की। प्रसाद का वितरण किया गया। पंकज फतेहचंदानी, नीलेश बजाज, अनिल प्रेमचंदानी सहित अन्य मौजूद थे।

## पार्षद ने दिलवाई सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वार्ड 16 के राम नगर में ड्रेनेज लाइन के लिए पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने प्रयास किए। अब इस विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिससे निकासी की समस्या से राम नगर के रहवासियों को राहत मिलेगी। सुशील शर्मा, स्वर्णा मेण्डल, संतोष बारिया, मनोहर प्रजापत सहित रहवासी अन्य भी मौजूद थे।









## वर्मा को भेंट की प्रतिमा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस के पूर्व संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने निगम में नेताप्रतिपक्ष रहे अभय वर्मा को भगवान शिव की प्रतिमा भेंट कर सज्जनसिंह वर्मा के जन्मदिन की बधाई दी।

## बुजुर्गों की पेंशन दे दो, मन जाएगी राखी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वार्ड 35 पार्षद पद के भावी दावेदार राजा टोनेरे ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजा और आग्रह किया कि वे विकलांग और बुजुर्गों की पेंशन राशि 600 के बजाए बढ़ाकर दें, जिससे उनकी राखी और त्योहार अच्छे से मन सके। कई बुजुर्गों के बच्चे अपनी पत्नी और अपने परिवार का ही खर्च बमुश्किल उठा पाते हैं, ऐसे में बुजुर्ग अपनी दवाई व अन्य खर्चों को उठा नहीं पाते हैं। कई बुजुर्गों की पेंशन रूकी हुई है उन्हें एक साथ बकाया पेंशन का भुगतान किया जाए।

## आज कुम्हारखाड़ी में सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के प्रयास से कुम्हारखाड़ी में 1 करोड़ 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आज शाम 5 बजे रखा गया है।





## चावड़ा ने की दिल्ली में वरिष्ठों से मुलाकात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संगठन के दायित्व के बाद अब सत्ता का दायित्व निभा रहे जयपालसिंह चावड़ा ने दिल्ली में नवनियुक्त राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं सौदान सिंह से भेंटकर बधाई दी और संगठन मुद्दों पर चर्चा भी की।



# कांग्रेस की बैठक में सहप्रभारी ने पूछ लिया पदाधिकारी को क्या दिए दायित्व

### एक के बाद एक दो हुई बैठक त्योहारों के कारण भीड़ रही कम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू के निर्देश पर शहर कांग्रेस ने इंदौर प्रभारी बाला बच्चन की मौजूदगी में कल दो बैठक आयोजित की। पहली बैठक समन्वय समिति की हुई और दूसरी बैठक शहर कांग्रेस पदाधिकारियों की आयोजित की गई। अलग-अलग समय पर यह बैठकें आयोजित की गई। बैठक में चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, दीपू यादव, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम, देवेन्द्रसिंह यादव, ठाकुर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य भी मौजूद थे। कल सावन सोमवार होने और पूर्व मंत्री के जन्मदिन होने के साथ अन्य धार्मिक और सामाजिक कार्यों के चलते कल दोनों ही बैठकों में उपस्थिति कम नजर आई। खासतौर से पदाधिकारियों की बैठक में तो आधी ही उपस्थिति की बात बताई गई। अखिल भारतीय कांग्रेस ने पिछले माह परिपत्र जारी कर प्रदेश के साथ सभी शहर-जिलों को निर्देशित किया ग़या था कि जो भी पदाधिकारी नगर-जिला में बनाए गए हैं और विधानसभा से लेकर ब्लॉक और मंडलम स्तर पर बनाए गए हैं उनको क्या-क्या दायित्व दिया गया है और दायित्व देने के बाद उन्होंने क्या-क्या काम किया है उसी परिपत्र के तारम्य में प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू ने शहर कांग्रेस से पदाधिकारियों के दायित्व का हिसाब मांग लिया। इस पर कहा गया कि अभी पदाधिकारियों को दायित्व का बंटवारा नहीं हुआ है। इस पर उषा नायडू ने कहा कि मैं अगली बार जब बैठक लूं तब सभी के दायित्व की जानकारी मुझे होना चाहिए। नायडू की सख्ती से कांग्रेस के जिम्मेदार हतप्रभ थे। उपस्थिति कम होने पर भी नायडू ने सवाल किया था।

# शुक्ला की पुण्यतिथि पर शुरू हुए सेवाकार्य

### बड़े भैया के नाम के साथ कई आयोजन रात तक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ रहे और भाजपा में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे, विष्णुप्रसाद शुक्ला की आज पुण्यतिथि पर कई आयोजन सेवा कार्य के किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने बताया कि आज सुबह से कई आयोजन किए जा रहे हैं। वृद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम, मंदबुद्धि बच्चों के आश्रम, दृष्टिहीन कल्याण संघ सहित कई जगह भोजन का आयोजन किया जा रहा है। विजय नगर कॉलेज परिसर में कान्यकुब्ज समाज पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि का आयोजन कर रहा है। वहीं आज शाम 6 बजे परशुराम वाटिका मरीमाता चौराहा पर ब्राह्मण समाजजनों को परशुराम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, इसकी जिम्मेदारी अनूप शुक्ला को दी गई है। कुल मिलाकर बड़े भैया की पुण्यतिथि पर आज सुबह से सेवा कार्य शुरू हुए, जो रात तक जारी रहेंगे। शाम 4 बजे राजीव गांधी प्रतिमा पर एक्मे प्रसादम का आयोजन एक्मे रिट्रीट सेंटर द्वारा किया जाएगा। पूरा परिवार आज आयोजन से जुड़ा है।



## भाजपाइयों ने निकाली पालकी यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नेता रघु यादव ने बताया कि भगवान वेंकटेश्वर महादेव की पालकी यात्रा फूलों से सज्जित कर भगवान के जयकारों के साथ निकाली गई। विधायक महेन्द्र हार्डिया, मुन्नालाल यादव, नन्दकिशोर पहाड़िया, नानूराम कुमावत, मुकेशसिंह राजावत, यशवंत काशिद, कल्याण देवांग, द्वारकाप्रसाद चौरसिया, पप्पी शर्मा, विनीत, नितेश जैन, जितेंद्र कौल, राहुल ठाकुर, वीरेंद्र पंवार, योगेश ठाकुर, अमित शुक्ला, राजेंद्र काकड़े, सागर लिखार, राम पटेल, अनमोल यादव, सत्येंद्रसिंह पवार, बंटी गुप्ता, महेंद्र, सतीश लाभांते, बंटी बारोड़, मुकेश मौर्य, अजेश शेर, हितेंद्र ठाकुर, सुनीत बंगार, टिंकू तिवारी मौजूद थे।

# भाजपा महामंत्री और मंत्री की रैली के बाद स्वागत और भोज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

खरगोन सांसद गजेन्द्र पटेल को राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार को मंत्री बनाने के बाद आज दोपहर 12 बजे के करीब विमानतल से इन दोनों की रैली निकाली जाएगी। एयरपोर्ट से वीआईपी मार्ग रामचन्द्र नगर, मरीमाता, राजकुमार ब्रिज, रीगल तिराहा, दवा बाजार होते हुए यह रैली भाजपा कार्यालय पहुंचेगी। दोपहर 1.30 बजे भाजपा कार्यालय पर मंच से स्वागत समारोह आयोजित होगा और उसके बाद मौजूद भाजपाइयों के लिए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भोज का आयोजन भी किया है। वार्ड 49 में राजकुमार ब्रिज के समीप मंच भी लगाया जाएगा। इधर विधानसभा 5 के राजेश उदावत सहित अन्य भाजपाइयों का एकत्रिकरण तिलक नगर पार्षद कार्यालय में कर वहां से सभी को भाजपा कार्यालय ले जाएंगे।

# भूतेश्वर बाबा की यात्रा रात 2 बजे मंदिर पहुंची

### फिर हुई आरती, 3 बजे हुआ मंदिर खाली बम्बई बाजार में पुलिस अधिकारी और कर्मी भी बड़ी संख्या में रात 12 बजे तक रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पश्चिमी क्षेत्र के भूतेश्वर महादेव पंचकुइया की शाही सवारी कल मंदिर से दोपहर 3.30 बजे बाबा को रथ में सवार कर शुरू की गई थी। यात्रा यहीं से देरी से इसलिए शुरू हुई कि भूतेश्वर के समीप वीर अलीजा बाबा का स्थान है और अलीजा बाबा दरबार की ओर से भी भूतेश्वर बाबा का मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया था, यहां भी देरी लगी। पंचकुइया से लेकर बड़ा गणपति और वहां से टोरी कार्नर, राजवाड़ा तक कई मंचों से स्वागत चलता रहा। राम भक्त हनुमान मंदिर सुभाष चौक पर भी स्वागत और पूजन का दौर चला यहां भी समय लगा। जैसे-जैसे शाम और रात होती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालु बढ़ते चले गए। यह यात्रा रात 12 बजे के करीब बम्बई बाजार पहुंची मुस्लिम समाज का ईद मिलादुन्नबी का पर्व पर खरीददारी करने मुस्लिम समाजजन पहुंचते हैं, यहां भी दुकानें खुली थी, भीड़ थी इसलिए पुलिस भी यहां अलर्ट रही। यात्रा सामान्य रूप से अच्छे सौहार्द्र के साथ निकली। राजमोहल्ला चौराहा पर यह यात्रा रात करीब 1.15 बजे पहुंची और रात 2 बजे के करीब यह यात्रा पंचकुइया मंदिर पहुंची, जहां बाबा को रथ से वापस उतारा गया और फिर महाआरती हुई। करीब 3 बजे तक श्रद्धालु मंदिर में रहे, फिर मंदिर खाली हुआ।

# यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे कावड़ में मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। युवक कांग्रेस के पदाधिकारी पुनीत पारिया ने ग्रामीण क्षेत्र में कावड़ यात्रा का आयोजन किया था। क़ावड में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चीब की भी मौजूदगी रही, वे भी यात्रा में शामिल थे और जब उन्होंने देखा कि जगह-जगह स्वागत में मुस्लिम समाजजनों ने भी स्वागत मंच लगा रखे हैं तो उन्होंने मुस्लिम समाजजनों से चर्चा कर शाबाशी भी दी और कहा कि इसे कहते हैं एकता की सौहार्द्रपूर्ण माहौल की यात्रा।

**मुस्लिम समाज के मंच पर रूके और कहा यह है सौहार्द का वातावरण**

# राजवाड़ा पर राखी की दुकानों पर कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम

**निगम की कार्रवाई के विरोध में कारोबारियों ने दिया धरना, लगाए नारे**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम की रिमूवल टीम के द्वारा त्यौहार के मौके पर राजवाड़ा पर लगी राखी की दुकानों पर कल कार्रवाई करने का काम शुरू किया गया। इस कार्रवाई का क्षेत्र के व्यापारियों के द्वारा विरोध किया गया। इन व्यापारियों ने राजवाड़ा पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की।**

हमेशा ही राखी के त्यौहार के मौके पर राजवाड़ा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा राखी की दुकान लगाई जाती है। यह दुकान लोगों की सुविधा के लिए लगाई जाती है ताकि कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी की राखी को खरीदा जा सके। इसके माध्यम से व्यक्ति रक्षाबंधन का त्यौहार मना सके। बहुत से लोग अपने घर पर रखी बनाकर तैयार करते हैं और फिर उसे राजवाड़ा पर लाकर बेच देते हैं ताकि उसके माध्यम से उनका परिवार के संचालन का गुजारा हो जाता है। पिछले कई सालों से इस तरह की दुकान राजवाड़ा पर लगती रही है। इस बार भी अब राखी का त्योहार करीब आ जाने के कारण इस तरह की दुकान राजवाड़ा पर लग गई थी। इंदौर नगर निगम की टीम कल दोपहर में राजवाड़ा पर पहुंची। इस



टीम ने दुकान लगा कर बैठे लोगों को हटाने की कोशिश की और इस दौरान हुए विवाद में लोगों की दुकान पर रखी हुई राखी उठाकर सड़क पर फेंक दी गई। निगम की टीम के द्वारा किए गए इस बर्ताव का लोगों ने जोरदार विरोध किया। इन लोगों ने निगम का विरोध करते हुए राजवाड़ा की सड़क पर बैठकर धरना दे दिया। धरना देते हुए इन लोगों ने जमकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। इन लोगों का कहना था कि हमेशा ही निगम के द्वारा हम लोगों के कारोबार पर इस तरह का हमला किया जाता है।

इन नागरिकों ने राजवाड़ा पर नारेबाजी करते हुए नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया। इन लोगों के द्वारा राजवाड़ा पर किए जा रहे प्रदर्शन के कारण वहां का यातायात जाम हो गया। इस स्थिति के कारण लोग परेशान होने लगे। इन लोगों के द्वारा किए जा रहे विरोध को देखते हुए नगर निगम की टीम चुपचाप मौके से चली गई। निगम की टीम के जाने के बाद इन व्यापारियों के द्वारा वापस से राजवाड़ा क्षेत्र में सड़क के किनारे अपनी दुकान लगा ली गई। निगम के रिमूवल टीम के अधिकारियों का कहना है कि ऊपर से मिले आदेश के आधार पर हम लोग यह कार्रवाई करने के लिए गए थे। ऐसे में सड़क पर कारोबार करने वाले लोग भी यह जानना चाहते हैं कि आखिर उन पर कार्रवाई करने का आदेश ऊपर से के नाम पर किसके द्वारा दिया गया था। इन नागरिकों के द्वारा यह आवाज उठाई गई है कि उन्हें कारोबार करने के लिए सुरक्षा और आजादी दी जाएं।

# साकेत नगर सड़क में जमीन देने के लिए 10 परिवारों को मिलेगा टीडीआर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर एवं ग्राम निवेश विभाग ने जारी की सूचना, प्राधिकरण की सूची में शामिल**

**नगर निगम के द्वारा साकेत नगर से लेकर रिंग रोड तक बनाई गई सड़क में जमीन देने के लिए 10 परिवारों को टीडीआर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके लिए नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। इस सूची में इंदौर विकास प्राधिकरण को भी रखा गया है।**

सरकार के द्वारा पहले से ही यह नियम बना दिया गया है कि यदि सड़क का निर्माण करने या सड़क को चौड़ा करने के काम में निजी क्षेत्र की कोई जमीन आएगी तो उसके एवज में मुआवजा देने के बजाय उन्हें टीडीआर का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस सर्टिफिकेट के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में निर्माण में अतिरिक्त निर्माण क्षेत्र मिल सकेगा। सरकार द्वारा बनाई गई इस योजना के तहत जिन लोगों की जमीन सड़क के लिए ली जाती है उनके नाम का नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। इस नोटिफिकेशन के आधार पर ही उनका सर्टिफिकेट जनरेट होता है। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के द्वारा आज इंदौर नगर निगम के द्वारा साकेत नगर से लेकर रिंग रोड तक किए गए सड़क को चौडा करने के काम में जमीन देने वाले व्यक्तियों के नाम की अनुसूची जारी कर दी गई है। इसके तहत रामकन्या पति चतुर्भुज पाटीदार, संजय सचिन पाटीदार, सुशीला रानी जैन, विष्णु कुमार भैया, कमलेश डागा, अनूप होलकर, उमा देवी, राजेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र सिंह और विक्रम सिंह के नाम पर टीडीआर का सर्टिफिकेट जारी करने की उद्घोषणा की गई है। इसमें यदि किसी को आपत्ति हो तो वह 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है। यदि कोई आपत्ति नहीं आती है तो इन सभी के नाम पर टीडीआर के सर्टिफिकेट जारी कर दिए जाएंगे। इस सूची में इंदौर विकास प्राधिकरण का भी नाम लिया गया है। प्राधिकरण की 0.0037 हेक्टेयर जमीन इस सड़क के लिए ली गई है। यह जमीन रिंग रोड के पास की जमीन है। इस कारण से इस सूची में प्राधिकरण का नाम रखते हुए उसके नाम पर भी टीडीआर का सर्टिफिकेट जारी करने की पहल की गई है। ध्यान रहे कि इस सड़क के निर्माण के लिए इन सभी व्यक्तियों की 0.1971 हेक्टेयर जमीन ली गई है।

# मुस्लिम समाज करेगा आज रात इबादत

## कल सुबह मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर नमाज के बाद निकलेंगे परचम जुलूस







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मस्जिद, दुकान, मकानों पर हुई रोशनी**

मुस्लिम समाज कल अपना बड़ा पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी का मनाएगा। आज शाम मगरीब की नमाज के बाद से इबादत के दौरान चलेंगे। आज अलग-अलग मस्जिद, कब्रिस्तान में इबादत होगी। वहीं आज कई तकरीर के आयोजन वरिष्ठों की मौजूदगी में किए जाएंगे। आज रात भर इबादत के दौर चलेंगे। मुस्लिम समाज की महिलाएं घरों में इबादत करेंगी। कल सुबह नमाज के बाद मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अलग-अलग समय परचम के जुलूस निकाले जाएंगे। सबसे पहला जुलूस सुबह 6.30 बजे जामा मस्जिद जूनी कसेरा बाखल से गफ़ूर खां की बजरिया होते हुए बड़वाली चौकी पहुंचेगा और उसी के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में परचम के जुलूस निकलेंगे। कल कई संस्थाओं ने मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सामूहिक निकाह का आयोजन भी किया है। मस्जिद सिद्दिक-ए-अकबर स्कीम नं. 71 में 31 जोड़ों का निकाह और कड़ावघाट बड़ी मस्जिद में 12 जोड़ों का निकाह होगा। दोनों ही जगह डीजे और शोर शराबा से दूरी का ऐलान किया गया है। वहीं इस बड़े पर्व पर कई दिनों से मकान, दुकान, मस्जिद सहित अन्य जगह रोशनी की गई है। आज और ज्यादा रोशनी की गई है। बम्बई बाजार, खजराना, चंदननगर, आजाद नगर, रानीपुरा, ग्रीन पार्क कालोनी सहित मुस्लिम बस्तियों क्षेत्रों को भी रोशनी से सज्जित किया गया है।





# पशुओं से आ रही है कब्रिस्तान में परेशानी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार रोड स्थित चंदननगर नूरानी नगर कब्रिस्तान में पशु और खासतौर से बकरा-बकरी घुस जाते हैं और वे कब्रों पर भी चढ़ जाते हैं, जिससे आस्था पर दिक्कतें आ रही है। यहां कुछ पौधे और वृक्ष भी लगे हैं, जिन्हें भी यह बकरा-बकरी खराब कर रहे हैं, कब्रिस्तान में पशुओं द्वारा गंदगी भी फैलाई जा रही है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कुछ बच्चे साइकल लेकर अन्दर चले जाते हैं, उन्हें भी रोका जाए और कब्रिस्तान में अन्दर आने-जाने पर नियंत्रण हो।

# बारिश की बेरुखी के कारण शहर में फिर बन रही जल संकट की स्थिति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**उद्यान विभाग के 10 टैंकर करना पड़े चालू, जहां पौधे लगाए वहां अब पानी की कमी, रहवासी क्षेत्र में चल रहे हैं 300 से अधिक टैंकर**

अगस्त माह खत्म होने को है और पानी बूंद बूंद भी नहीं बरस रहा है। वर्तमान में अजीब परिस्थितियां बनी हुई है जो बोरिंग रिचार्ज हुए थे वह बारिश नहीं होने के कारण फिर से सूखने लगे हैं। जहां अगस्त माह में तरबतर मौसम रहता है और बारिश की झड़ी लगी रहती थी, नदी-नलों में उफान रहता था लेकिन इंदौर में ऐसा लग रहा है कि यह इतिहास के पन्नों की बात हो गई। पूरे शहर में कहीं भी एक साथ लगातार दो-तीन घंटे की भी बारिश दिखाई नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में नगर निगम की चिंता बढ़ गई है। शहर में 21 लाख पौधे लगाने का अभियान चल रहा है जिसके तहत अब तक 4:30 लाख पौधे अलग-अलग स्थान पर नगर निगम लगा चुका है। प्रति रविवार को अलग-अलग पहाड़ियों पर पौधारोपण किया जा रहा है लेकिन अब यहां जल संकट की स्थिति बनने लगी है। नगर निगम ने उद्यान विभाग के 70 टैंकर बंद कर दिए थे इनमें से पानी के 10 टैंकर चालू करना पड़े हैं।


मामले में उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि पौधे लगाने के साथ ही उन्हें जीवित रखने की चिंता भी बढ़ रही है। हमने लगभग चार से पांच बड़ी पहाड़ियों पर पौधारोपण किया है जिसमें बीएसएफ, बुडानिया, रेवतीरेंज, पितृ पर्वत देवगुराडिया जैसे प्रमुख स्थान है जहां पर पानी की व्यवस्था हमें करनी पड़ रही है। बारिश का मौसम है लेकिन पर्याप्त पानी नहीं बरसाने के कारण पौधे मरे नहीं इसीलिए हमने आकस्मिक व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से कर दी। यह उम्मीद नहीं थी कि अगस्त माह में इतना कम पानी गिरेगा। इसके अलावा अलग-अलग वार्डों के उद्यानों में भी पानी की कमी महसूस की जा रही है। जिस तरह से बारिश होनी थी वह नहीं हुई है इसीलिए उद्यान के बोरिंग भी अभी से सूखने लगे हैं। रहवासी क्षेत्र से भी पानी की डिमांड आने लगी है।

नगर निगम जलकार्य प्रभारी बबलू शर्मा ने बताया कि शहर में एक बार फिर पानी की डिमांड बढ़ने लगी है। शहर की अधिकांश कॉलोनी से पानी के टैंकरों के लिए फोन सभी पार्षदों को आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि बोरिंग सूखने लगे हैं। बारिश नहीं होने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है।। वर्तमान में 315 पानी के टैंकर किराए पर लेकर चलाए जा रहे हैं लेकिन हर दिन 4 से 5 टैंकर बढ़ाने की मांग आ रही है। पानी नहीं गिरा तो विकट स्थिति होगी। केवल अब सितंबर माह से ही आस बची हुई है। हमें जल्द ही पानी के और टैंकर बढ़ाने पड़ सकते हैं। वही मौसम वैज्ञानिक शैलेंद्र नायक बताते हैं कि यह मौसम चक्र परिवर्तन का असर है। सितंबर माह मानसून के लौटने का महीना 3 साल पहले तक हुआ करता था लेकिन अब तक इंदौर में अच्छी बारिश ही नहीं हुई है बल्कि आसपास के जिलों में बारिश हो रही है खासकर मालवा बेल्ट में बारिश कमजोर है।

# चतुर्थ पुण्य स्मरण

25 अगस्त मंगलवार

आपके आचार, विचार और सिद्धांत
शाश्वत रहेंगे और हम उस राह पर
सदैव चलते रहेंगे...



बाबूजी

## स्व. पं. विष्णुप्रसाद जी शुक्ला

(बड़े भैय्या)

### पूज्य पिताजी की स्मृति में

निम्न स्थानों पर भोजन प्रसादी का वितरण होगा

खजराना गणेश मंदिर, राष्ट्रीय दृष्टिहीन कल्याण संघ बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे
महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ शांति नं. 54 बंगले हॉस्पिटल के पीछे
म.प्र. दृष्टिहीन कल्याण संघ किला मैदान, आनंद बधिर सोसाइटी अरविंदो हॉस्पिटल के पीछे बरदरी
अनुभूति सेवा विजन मायाखेड़ी ओमेक्स सिटी के पास, आसरा मंद बुद्धि बच्चों का आश्रम अवंतिका नगर रिक्शा नं. 51
महिला उत्कर्ष समिति गोविंद कॉलोनी बाणगंगा, अमरलाल सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारकापुरी
गोल्ड क्वाईन सेवा ट्रस्ट चाणक्यपुरी, श्री राम निराश्रित महिला एवं बाल आश्रम गांधी नगर
मिशनरी ऑफ चैरिटी चिड़ियाघर के पास, उन्मुक्त आनंद मानव सेवा संस्था कालानी नगर
आस्था वृद्धजन सेवा आश्रम रेडिमेड कॉम्प्लेक्स सुखलिया (दूध सेवा)
श्रद्धानन्द बाल आश्रम कोठारी मार्केट के पीछे

**बाबूजी की स्मृति में होने वाले आयोजन**

विजय नगर स्थित
**के.के. कालेज परिसर पर**
प्रातः 11 बजे पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि का आयोजन
निवेदक : कान्यकुब्ज समाज

**एक्मे रिट्रीट सेंटर** द्वारा
जरूरतमंदो के लिए **एक्मे प्रसादम** का शुभारंभ शाम 4 बजे युनिटी वन राजीव गांधी प्रतिमा
आयोजक : जीतू शर्मा

श्री परशुराम वाटिका मरीमाता चौराहे पर शाम 6: बजे समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्राह्मण व्यक्ति को **परशुराम अवार्ड** से सम्मानित किया जाएगा
आयोजक : पंडित अनूप शुक्ला

राजेन्द्र शुक्ला, संजय शुक्ला (पूर्व विधायक), रविशंकर कृष्णप्रसाद शुक्ला (बब्बी), कैलाशचंद्र शुक्ला, श्रवण सुरेन्द्र कुमार शुक्ला
दिनेश शुक्ला, गोलू शुक्ला (विधायक), अतुल शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, नितिन शुक्ला, आकाश, यश, सागर, अंजनेश, राज
रुद्राक्ष, अद्रित, समृद्ध, समर्थ, अथर्व, शिवाय, अतुलित, अमय, श्री अंश, एम. के. जैन, खुरासान पठान, वासुदेव मिश्रा, घनश्याम मिश्रा
महेश तिवारी, स्व डॉ मुन्नू मिश्रा, रमेश मिश्रा, महेश मिश्रा, गणेश मिश्रा, बाबू मिश्रा, अनिल दीक्षित, नीरज मिश्रा, आशीष शुक्ला
अभिषेक शुक्ला, मधुर जैन, अंकित तिवारी, विनीत तिवारी, नीलेश (गोलू) मिश्रा, टिंकू मिश्रा, डॉ यतिन मिश्रा, पवन दीक्षित, एड. जतिन मिश्रा

**दामादगण :** डॉ. भरत बाजपेयी, प्रवीण तिवारी, सिद्धार्थ शर्मा, भरत शर्मा, विकास गौतम, आयुष दिक्षीत, सनी मंगवानी, प्रतीक शुक्ला, विवेक शर्मा
मयंक मिश्रा, साहिल मुंजल, ऋषि तिवारी, मानव दुबे, राकेश तिवारी, अरुण मिश्रा, दीपक शुक्ला, राजेश तिवारी, सौरभ शर्मा

**भाणेज :** पिकेश वाजपेयी, शिवेंद्र अवस्थी, श्री तिवारी, शौर्य शर्मा, रौनक शर्मा, त्रिशु दीक्षित, अवीर शर्मा, अनिरुद्ध तिवारी, प्रद्युम्न तिवारी,

**प्रपौत्र :** अव्यान शुक्ला, अंनत शुक्ला, त्रिवांश शुक्ला

**संजय शुक्ला (पूर्व विधायक) एवं समस्त शुक्ला परिवार एवं मित्रगण**



## पांचाल समाज ने निकाली कावड़ यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रावण मास पर पांचाल समाज ने धर्मशाला से कावड़ यात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन ने मौजूद रहकर बोल बम के जयकारे गुंजाए। मनोज पांचाल, अशोक चौहान, गौरव पांचाल, भेरुलाल पांचाल, अनिल गंगोत्रे, हरि पांचाल, संतोष पांचाल सहित अन्य उपस्थित थे।



## वैष्णो देवी यात्रा का पहला निमंत्रण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महाकाल ग्रुप मालवा मिल ने 31 जनवरी 2027 को प्रस्तावित वैष्णो देवी कटरा यात्रा एवं भव्य चुनरी यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा के निमंत्रण भी दिए जा रहे है। सुनील ठाकुर, सागर लखार, संजू मीणा, धर्मेंद्र भंडारी, प्रदीप नायक, सौरभ सोनी, पंकज कैथवास, दीपू मेहरा, अंकित, हर्षल चौहान मौजूद थे।



## इंश्योरेंस सेक्टर के सेवानिवृत्त वरिष्ठों ने किया पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पर्यावरण संरक्षण और अपनी मातृभूमि को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से इंश्योरेंस सेक्टर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ समाजसेवी ग्रुप सेवा संगठन प्रयास द्वारा रेवातीरेंज वन, पालिया गाँव पर पर्यावरण हित में 150 पौधों का रोपण किया गया। राकेश सिंह सिसोदिया,ओमप्रकाश जाधव, पीसी मालू, शरद अग्रवाल, जी.के. चौहान ने पौधा रोपने के बाद इन्हें बड़ा करने का संकल्प देखरेख के रूप में लिया।

## दिव्य अष्टमुखी पशुपतिनाथ श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सावन के चौथे सोमवार पर होलकर कालीन प्राचीन श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पारसी मोहल्ला छावनी में भगवान श्री रामेश्वर महादेव का भव्य अष्टमुखी पशुपतिनाथ श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कांकडा आरती, भजन संध्या और फरियाली प्रसादी का वितरण किया गया। रामनारायण अग्रवाल, पं.धीरज वैष्णव, टंटू शर्मा, हर्षित शर्मा, अलंकार रायकवार, पन्ना, सृष्टि, नंदनी, रंजना एवं अनिता सहित पूरी टीम ने श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्थाएं संभालीं। उक्त जानकारी मुकेश कचोलिया ने दी।





## सुखदेश्वर महादेव बने कृष्ण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुखदेव नगर एक्सटेंशन-1 स्थित सुखदेश्वर महादेव पर शिवजी को कृष्ण स्वरूप में सजाया गया। खिचड़ी और ठंडाई प्रसाद का वितरण किया। उक्त जानकारी दिनेश शर्मा, आकाश शर्मा ने दी।



## 500 भाई-बहन रहे रक्षाबंधन पर्व के लिए मौजूद, 8 फीट की बड़ी राखी भी बनाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महासती डॉ. कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में 500 भाई-बहन ने एक साथ रक्षाबंधन पर्व में शिरकत की। 8 फीट की बड़ी राखी ने भाई-बहन के प्रेम को और भव्य किया। डॉ. कुमुदलता म.सा. ने भाई-बहनों के रिश्ते की महत्ता बताई। यह बड़ी राखी पुण्डलिक पालरेचा और शैलेन्द्र नाहर के संयोजन में तैयार की गई। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।

## अहिल्या माता की याद में संस्कार पाठशाला



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अहिल्या माता के पुण्य स्मरण पर संस्था द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कहानी प्रतियोगिता के बाद कल संस्कार पाठशाला बॉम्बे हास्पिटल क्षेत्र में की गई। इसी तरह का कार्यक्रम बरेली ग्रामीण संस्था बड़ी भमोरी पर भी कल 26 अगस्त को होगा। ज्योत्सना खर्राटे, तृप्ति महाजन, अचला गंधे, सुमेधा बावकर ने बताया कि निर्णायक मधुलिका शर्मा एवं प्रथा जैन, सुधा चौहान ने पलक मालवीय, खुशबू, मानवी, टीना कुशवाहा, खुशबू भाटिया, विशाखा पटेल को विजेता घोषित किया। प्रोत्साहन पुरस्कार पूनम प्रजापत सौम्या, राजा एवं ओम पंवार को प्राप्त हुआ।

## न्याय नगर मंदिर के वार्षिकोत्सव पर आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** न्यायनगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर पर आज प्रातः भगवान भोलेनाथ का अभिषेक तथा हवन, पूजन किया गया। महिला मंडल द्वारा दोपहर में कांवड़ यात्रा का कार्यक्रम होगा। संध्या को भगवान भोलेनाथ का नयनाभिराम श्रृंगार, महाआरती छप्पन भोग प्रसाद पश्चात महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कल श्रावण के अंतिम सोमवार पर महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजन पश्चात भगवान शंकर का श्रृंगार कर महाआरती की गई थी।





## बिलेश्वर महादेव का भगवान् नृसिंह श्रृंगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छीपा बाखल स्थित बिलेश्वर महादेव मंदिर में कल अंतिम सावन सोमवार पर भगवान भोलेनाथ का भगवान नृसिंह के रूप में श्रृंगार किया गया। अखाड़ों के शस्त्रों की सजावट भी की गई।



## चारभुजानाथ मंदिर में सेन समाज का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शेखावाटी सेन समाज पंचायत द्वारा चारभुजा नाथ मंदिर मल्हारगंज में अभिषेक, पूजन, आरती, प्रसादी का आयोजन किया गया। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। अमरचंद वर्मा, शैलू सेन, मंगल आमेरिया, राजू मिरदवाल, काकू सेन, सुनील सेन, ललित मिरद्रवाल, मालीराम सेन, भगवान सेन, भागीरथ सेन, जगदीश नरवले, उषा तुंदवाल, मंजू अमेरिया, दीपू मिरद्रवाल, गीता सेन, राधिका सेन, खुशबू, शीतल सहित अन्य मौजूद थे।

## फलाहारी खिचड़ी का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर सावन के अंतिम सोमवार को महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद फलाहारी खिचड़ी का वितरण हुआ।





## कार कावड़ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन के तत्वावधान में कार कावड़ यात्रा निकाली गई। वैभव पाण्डेय, राकेश तिवारी, नितिन पाण्डेय, मुकेश धारकर, आशीष शुक्ला, बबलू शर्मा, हृदेश मिश्रा, शुभम पुरोहित, अंकित पाठक, सुशील शुक्ला, अभय शुक्ला, राजेश उपाध्याय ने अपनी भूमिका निभाई।

## खाटू श्याम की प्राण-प्रतिष्ठा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हंसदास मठ में भगवान खाटूश्याम के दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे। महंत रामचरणदास महाराज, महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।

## दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि अवसर पर ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान शिविर का आयोजन किया गया। हेमलता दीदी, जयप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. भरत रावत, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. नरेंद्र वर्मा, डॉ. रिंकू जैन, जितेंद्र संगतानी मौजूद थे।



## लक्ष्मीनारायण मंदिर में झूला उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के महेश नगर स्थित धर्मशाला परिसर में लक्ष्मीनारायण मंदिर में झूला उत्सव शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से भगवान को झूला झुलाया। कल रात्रि महाआरती के बाद प्रसाद वितरण भी हुआ। उक्त जानकारी अशोक डागा ने दी।





## जैन ग्रुप का स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय आरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल शीतल नगर पर नेत्र शिविर में 220 मरीजों ने लाभ लिया, 21 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में निःशुल्क होंगे जरूरतमंद को 95 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

# पांच संघ के जैन साधु-साध्वी एक मंच पर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अंजनी नगर स्थित श्री चंद्र प्रभु मांगलिक भवन में आचार्य कुमुदनंदी म.सा. का अवतरण दिवस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक मंच पर शहर में विराजित पांच संघ के साधु-साध्वियां मौजूद रहे। आचार्य विप्रणतसागर म.सा., साध्य सागर म.सा., आचरण सागर म.सा., सिद्धांत सागर म.सा., आर्यिका माता और क्षुल्लक भी एक मंच पर नजर आए। संतों का सुदामा नगर से विहार हुआ था और कालानी नगर चौराहा पर संतों का मिलन हुआ। सभी संतों को चंद्रप्रभु मांगलिक भवन अंजनी नगर तक विहार कर ले जाया गया,



संतों की आरती उतारी और पाद प्रक्षालन किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पंचायती ट्रस्ट, अंजनी नगर एवं दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद आयोजन से जुड़े थे। जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, कमल रावका, पवन जैन, पंकज जैन, सतीश जैन, अनिता जैन, मेघा जैन, देवेन्द्र सोगानी, पिंकेश टोंग्या, सतीश जैन, अशोक टोंग्या, दिलीप लुहाड़िया,चंद्र कुमार गोधा, अक्षय काला, हेमंत गदिया, योगेन्द्र काला, पवन पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे। 3 व्यक्तियों द्वारा आचार्य श्री कुमुद नंदीजी महाराज को 63 शास्त्रजी भेंट किए गए।

## नवकार महामंत्र के लाभार्थियों का बहुमान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नित्यसेन सूरीश्वर म.सा. एवं विद्वरत्न विजय म.सा. ने नवकार महामंत्र की भावयात्रा के बारे में संदेश दिया। नवकार परिषद ने मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी जा रही छात्रवृत्ति की



जानकारी भी दी। नवकार महामंत्र के लाभार्थियों का बहुमान भी हुआ। जय कीर्ति रांका, अनिल भंडारी, नीलेश सराफ, अरुण विनीता बागरेचा, कैलाश सुराणा बड़नगर, भेरूलाल भंडारी, अक्षय लीना देशलहरा सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने दी।



## रुद्राक्ष वितरण और कावड़ यात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्रावण माह में जगजीवन रामनगर स्थित शिव मंदिर पर अध्यात्म ग्राम के तत्वावधान में शिव भक्तों को निःशुल्क रुद्राक्ष वितरित किए गए, और उसके बाद कावड़ यात्रा भी निकाली गई। पार्षद निशा रुपेश देवलिया, डॉ. अर्पण जैन, जयसिंह रघुवंशी, वीरेन्द्र कुमार बिठरिया आदि मौजूद रहे।

## भोलेनाथ की शाही सवारी निकली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अन्नपूर्णा मंदिर पर श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्त मंडल के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी निकाली गई। मंदिर परिसर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव का श्रृंगार किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, गोपीकृष्ण नेमा, नितिन शर्मा शानू, अभिषेक शर्मा बबलू, सहित कई राजनेता मौजूद थे।स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि, स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि, टीकमचंद गर्ग, सत्यनारायण शर्मा, श्याम सिंघल, सुनील गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।

## प्रदेश महामंत्री का दायित्व

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन में अभय कुमार अग्रवाल को संगठन में



मध्यप्रदेश का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। किशोर गोयल, राजेश बंसल, अरविन्द बागडी, दिनेश मित्तल, जगदीश गोयल ने बधाई दी।

## स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत स्काउट एवं गाइड, जिला संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का समापन शासकीय स्कूल छावनी हाट मैदान में हुआ।





## महिलाओं का धार्मिक उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सावन के अंतिम सोमवार को गुलाब बाग रहवासी संघ की महिलाएं ने मेघदूत गार्डन में धार्मिक उत्सव मनाया। चंद्रकांता यादव, रेखा यादव, शालिनी पांडे, दीपा, मीनू, अंजू यादव, रेखा, कृष्णा यादव मौजूद थीं।

## वैष्णव गुजराती समाज का सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री वैष्णव गुजराती समाज द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया। अतुल सेठ, दामोदर शाह की मौजूदगी में मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।



एडवोकेट प्रवीण चौधरी का भी सम्मान हुआ। ई-पत्रिका सगपण का विमोचन भी किया गया। लोकेश शाह, प्रीति शाह, डॉ. सौरभ पारीख, डॉ. संजय मालवी, रोहित दलाल, आशीष फड़िया, विपुल शाह, डॉ. अपूर्व चौधरी, हेमंत शाह, प्रदीप जौहरी, डॉ. गुंजन चौधरी, रोहन शाह, मनीषा यादव, बबलू शर्मा, शोभना गुजराती, मनीषा जौहरी, अर्जुन जौहरी, प्रो. दीपक शाह, अनिल जौहरी सहित अन्य मौजूद थे।

## राजपूत समाज चेतना मंडल के चुनाव में भदौरिया अध्यक्ष



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजपूत समाज चेतना मंडल की साधारण सभा होटल में हुई। आय-व्यय की प्रस्तुति के बाद प्रेमसिंह सोलंकी को चुनाव अधिकारी बनाया। सोलंकी ने चुनाव सर्वसम्मति से करवाए। अध्यक्ष-महेन्द्र सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष-अनुपाल सिंह चौहान, सचिव-सत्येन्द्र सिंह चौहान, सह-सचिव-सोनू हाडा, संगठन महामंत्री-अशोक सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष-चंद्रसिंह तोमर, सह-कोषाध्यक्ष-भूपेन्द्रसिंह भदौरिया, प्रचार मंत्री-भारतसिंह चौहान, मीडिया प्रभारी-विनोद सिंह चौहान, कार्यकारिणी सदस्य-रतनसिंह राजपूत, राजेश सिंह तोमर, ओम भदौरिया को नियुक्त किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ में संयोजक-अनुराधा चौहान, अध्यक्ष-मोनिका बैस, सचिव-सीमा भदौरिया, युवा प्रकोष्ठ-संयोजक-डॉ. चैतन्य देवसिंह सिसोदिया, अध्यक्ष-उदयसिंह पंवार, सचिव-रजतसिंह भदौरिया बने। समाजजनों ने पदाधिकारियों को बधाई दी। विनोदसिंह चौहान, रतनसिंह राजपूत ने उक्त जानकारी दी।

## खंडेलवाल सरावगी दंपत्ति संगठन की मीटिंग होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय खंडेलवाल सरावगी दिगंबर जैन संगठन के स्थापना दिवस 6 सितंबर को पहली मिलन बैठक बनेडियाजी में होगी। इन्दौर से रविवार की सुबह बस से समाजजन निकलकर बनेडियाजी में भगवान अजीतनाथ के दर्शन, अभिषेक, पूजन का धार्मिक लाभ लेंगे। मनोज काला, राकेश जैन, आर.के. जैन, मनोज बाकलीवाल आयोजन से जुड़े है।

## दिव्यांगों की सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिव्यांगों के जीवन में आ रही कठिनाइयां एवं चुनौतियों का सामना करने व समाधान में मदद करने वाले, दिव्यांग शिक्षकों एवं सेवाभावी सामाजिक कार्यकर्ताओं को पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। आरके काबरा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा 30 अगस्त को इंदौर प्रेस क्लब में सम्मान आयोजित किया जाएगा।




# अण्णा महाराज संस्थान में लघु रुद्राभिषेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दत्त माऊली सद्गुरु अण्णा महाराज संस्थान पलसीकर कॉलोनी में सावन सोमवार और एकादशी पर चिकित्सकों के समूह ने धर्मपत्नी के साथ लघु रुद्राभिषेक किया। अच्छी बरसात की कामना भी की गई। डॉ. अभय भागवत, डॉ. अनघा भागवत, डॉ. विजय, सरिता निचानी, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. शिरीष श्रीवास्तव, डॉ. शरद खंडेलवाल, डॉ. पीयूष पंचारिया, डॉ. सौरभ चिपड़े, डॉ. उल्लास महाजन, डॉ. नीलेश, डॉ. माधवी पटेल, डॉ. रविन्द्र काले शामिल हुए।



# पंचदेव मंदिर में धार्मिक आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पंचदेव मंदिर एमआईजी कालोनी में चतुर्थ सावन सोमवार पर भगवान का अभिषेक, पूजन कर अच्छी बरसात की कामना रमा दीदी के सानिध्य में की गई।

## अमरनाथ गुफा बनाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राम भक्त हनुमान मंदिर लोधीपुरा गली नं. 1 में बाबा बर्फानी की अमरनाथ गुफा बनाई गई। श्रद्धालुओं ने भगवान और गुफा के दर्शन का लाभ लिया। महाआरती भी की गई, प्रसादी का वितरण भी हुआ। बाबूलाल शर्मा, अंकुर शर्मा, गौरव यादव, सीताराम भंडारी, अजय तिवारी, विनीत भंडारी, निखिल व्यास सहित श्रद्धालुओं का योगदान रहा।





# गोपाल मंदिर कुटिया में श्रृंगार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना रोड स्थित श्रीनगर मेन रोड पर गोपाल मंदिर कुटिया में भगवान भोलेनाथ का पुजारी परिवार द्वारा विशेष श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उक्त जानकारी समाजसेवी राजीव काबरा ने दी।




## ओमेश्वर महादेव के श्रृंगार दर्शन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गंगवाल बस स्टेण्ड के पास लाबरिया भेरू स्थित ओमेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने आरती से लेकर श्रृंगार दर्शन का लाभ लिया।



## बाबा महाकाल की प्रतिकृति बनाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नेता और समाजसेवी जगदीश सोलंकी ने बताया कि आनन्देश्वर महादेव मंदिर सुदामा नगर सेठीगेट पर बाबा महाकाल की प्रतिकृति बनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



## कपलेश्वर महादेव का अभिषेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कपलेश्वर महादेव मंदिर काटजू कॉलोनी में बाबा का अभिषेक किया गया एवं शाम को बाबा के भक्तों ने राजा के रूप में दर्शन किए।

# कोरी-कोली समाज चलाएगा धन संग्रह अभियान






### झलकारी देवी प्रतिमा के लिए जुगत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कोरी/कोली समाज महापंचायत के तत्वाधान में 'समझौते से समाधान' के तहत चार पारिवारिक मामलों की पंचायत आयोजित की गई। एक पति-पत्नी के बीच साथ नहीं रहने पर समझौता नहीं बना, अब मामला न्यायालय में जाएगा। दो अलग मामलों में पक्ष मौजूद नहीं रहे। कोरी कोली समाज के पदाधिकारियों ने समन्वय बैठक कर निर्णय लिया कि झलकारी देवी की प्रतिमा 22 नवम्बर को स्थापित की जाएगी उसके लिए समाज धन संग्रह अभियान चलाएगा। समाज की पांच महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत एवं तीन समाजजनों को कोली रत्न से सम्मानित भी किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रकाश महावर कोली ने दी।



## भजन प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। 'लोकमाता देवी अहिल्या बाई के पुण्य स्मरण पर उषाराजे परिसर में हुई भजन प्रतियोगिता में विजेता डाली खुराना, रंजीता कौर सलूजा, विम्मी सलूजा ,लाडी भाटिया, रविन्द्र कौर,मनमीत कौर,गुरजीत कौर,सनमीत कौर,तरनजीत कौर,सुखप्रीत कौर,मनप्रीत कौर,रनप्रीत कौर,पवनजीत कौर,अमरजीत कौर ने भाग लिया और विजेता बने। विजेताओं का सम्मान किया।




## पुस्तक 'आठवाँ चाँद' का लोकार्पण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राहुल जगताप 'देव' की पुस्तक 'आठवाँ चाँद' का लोकार्पण होटल में किया गया। राहुल शिवाय, डॉ. ममता चंद्रशेखर, डॉ. सोनाली नरगुंडे ने लेखक राहुल जगताप देव को बधाई दी।

# साहित्य गोष्ठी में राखी के मनोभाव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र की मासिक साहित्य गोष्ठी के आयोजन में बड़ा त्योहार राखी का मनोभाव रखा गया।

सत्यनारायण मंगल, ओम उपाध्याय, सुरेश रैकवार, सुरेश अजनबी, सुधीर अपेक्षित, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. वासिफ काजी, ओ जोशी बब्बू, भीमसिंह पवार,




अशोक गर्ग, अनिल ओझा, अरविन्द जोशी, पवन सोलंकी, डॉ. कृष्णा जोशी, दिनेश दवे, श्याम सिंह, सुरभि शुक्ला, बालकराम शाद, डॉ. अनिल भंडारी ने प्रस्तुतियां दी। डॉ. जीडी सिंघल का सम्मान किया गया।

# इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में गूंजी युवाओं की आवाज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में उत्साही प्रतिभागियों के साथ आगाज हुआ। कांतिलाल बम इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस कार्यक्रम का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत किया गया। चेयरमैन कांतिलाल बम, अभिनंदन बम ने उदबोधन भी दिया। अतिथि तलवंतसिंह थे। डीन डॉ. मनजीत कौर राजपाल ने



संस्थान के बारे में जानकारी दी। विचार यात्रा का अवलोकन प्रस्तुत किया। विभिन्न समितियों के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधियों, विशेष उल्लेखों और पत्रकारों को पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए। गए। नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कमल व्यास, एस.सी. श्रीवास्तव, बबीता कड़ाकिया, संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. दरवेश भंडारी और समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।




# कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन' जीव रसायन विभाग द्वारा किया गया। 210 विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, दवाइयों का वितरण भी किया। डॉ. अनामिका जैन, डॉ. नागेश डगांवकर, डॉ. तसनीम रंगवाला, प्रो. शीतल उइके, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. संध्या शर्मा, प्रो. ग्रिशा ठाकरे, प्रो. आयुषी बुंदेला, प्रो. अनिल तिवारी, प्रो. तनिषा वर्मा, प्रो. भावना मालाकार, प्रो. सोनम विश्वकर्मा, अनिल सिंह मौजूद थे।

## संपादकीय

# देश में चीनी महंगी क्यों हुई, गन्ना उत्पादन में कमी या फिर एथनॉल है कारण?

गौरतलब है कि भारत चीनी की घरेलू आपूर्ति के साथ-साथ इसके निर्यात के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। देश भर में चीनी के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने त्योहारी मौसम की मिठास में महंगाई की कड़वाहट घोल दी है। चीनी की कीमतें क्यों बढ़ीं, इसके अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि गन्ने की कमी से चीनी का उत्पादन प्रभावित हुआ, जिससे दाम बढ़े हैं। वहीं, चीनी उद्योग का तर्क है कि कीमतें बढ़ने की उम्मीद में कारोबारियों एवं थोक व्यापारियों की ओर से की गई ज्यादा खरीदारी भी एक कारण हो सकता है। मगर विपक्षी दल इन तर्कों से इत्तिफाक नहीं रखते, उनका आरोप है कि गन्ने का एथनाल उत्पादन में इस्तेमाल बढ़ाने से चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं। वजह चाहे कोई भी हो, लेकिन यह बात साफ है कि इसका असर आम उपभोक्ता के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। सवाल है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी किसकी है? हालांकि, सरकार की ओर से दस लाख टन कच्ची चीनी का शुल्क-मुक्त आयात करने की बात कही जा रही है, लेकिन यह निर्णय अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि भारत चीनी की घरेलू आपूर्ति के साथ-साथ इसके निर्यात के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इसके बावजूद अगर देश में चीनी आयात करनी पड़े, तो इसे किस तरह देखा जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि देश में चीनी का भंडार नौ साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है, जबकि सरकार का दावा है कि घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। मगर सवाल यह भी है कि अगर सरकार का दावा सही है, तो फिर चीनी की कीमतें क्यों बढ़ी हैं? इसका जवाब सरकार के उन नए दिशा-निर्देशों में भी ढूंढ़ा जा सकता है, जिनके तहत चीनी के बड़े कारोबारियों, शीतल पेय, मिठाई एवं आइसक्रीम विनिर्माताओं और थोक उपभोक्ताओं के लिए भंडारण सीमा लागू की गई है। यानी सरकार को लगता है कि चीनी की कालाबाजारी से भी इसके दामों में बढ़ोतरी हो रही है। मगर यह बात समझ से परे है कि संकट आने के बाद ही सरकार की ओर से ऐसे कदम क्यों उठाए जाते हैं? कालाबाजारी के खिलाफ कानून होने के बावजूद उसे सख्ती से लागू करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती! सवाल सिर्फ कीमतों का ही नहीं है, बल्कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े निजी उपक्रमों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता का भी है। देश भर के खुदरा और थोक बाजारों में चीनी की कीमतों में एक माह के भीतर करीब पच्चीस फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। इसको लेकर विरोधाभासी दावों ने भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। एक ओर विपक्ष इसे पेट्रोल में एथनाल मिश्रण बढ़ाने की सरकारी नीति से जोड़कर देख रहा है, तो दूसरी तरफ सरकार का दावा है कि देश में कुल एथनाल का केवल एक-चौथाई हिस्सा ही गन्ने से बनता है, जबकि बाकी मुख्य रूप से मक्का जैसे अनाज से तैयार होता है।



## नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीनाथ स्ट्रीट बांगड़दा रोड पर पार्थिव शिवलिंग सामूहिक अभिषेक विधायक मनोज पटेल, आचार्य प्रवीणनाथ, ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, कैलाश साहू, आशीष सामंत की मौजूदगी में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। यही पर नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान भी सामूहिक रूप से किया गया।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 158000 | 163427 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 238900 | 243400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# किशोर पर जानलेवा हमला, रंजिश में गले और हाथ पर मारा चाकू

इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के महावर नगर में बेखौफ बदमाशों द्वारा एक 15 वर्षीय किशोर पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया।आरोपियों ने रंगदारी दिखाते हुए ज्यादा बदमाशी की बात कही और किशोर के गले व हाथ पर धारदार चाकू से वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मोहित पिता सुंदरलाल बेरदिया (15)निवासी महावर नगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के ही रहने वाले आरोपी वेदांत पिता गेंदालाल तलेटिया और उसका साथी निर्भय पिता रवि अस्टोलिया उसके पास पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी से कहा कि तुझे बदमाशी ज्यादा लग रही है। पीड़ित जब तक कुछ समझ पाता, तब तक आरोपी वेदांत और निर्भय ने जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया। बदमाशों ने सीधे किशोर के गले और बाएं हाथ के पंजे पर चाकू से वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

## उधारी के पैसे मांगने पर युवक से मारपीट, सीढ़ियों से धक्का देकर किया घायल

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में उधारी के रुपये वापस मांगने की बात पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल युवक के साथ गाली-गलौज की, बल्कि उसे धक्का देकर सीढ़ियों से नीचे गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मारपीट की यह वारदात शांति नगर इलाके में हुई। पीड़ित अजय पिता संतोष, निवासी शांति नगर ने आजाद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उसने आरोपी सोनू निवासी भीलट बाबा चौराहा मूसाखेड़ी को रुपये उधार दिए थे।जब अजय अपने बकाये रुपये मांगने के लिए आरोपी के मूसाखेड़ी स्थित घर पहुंचा, तो सोनू ने पैसे लौटाने से साफ इंकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। जब फरियादी ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी उग्र हो गया और उसने अजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने उसे जानबूझकर सीढ़ियों से धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## फर्नीचर दुकान में चोरी,ताला तोड़कर 5 मशीनें ले उड़े चोर

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र मे एक फ़र्नीचर दुकान को अपना निशाना बनाते हुए वहाँ रखी 5 मशीनें पार कर दीं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, माणिक बाग निवासी कलाम पिता इरफान खान की एबी रोड पर साई फ़र्नीचर नाम से दुकान है। फरियादी ने बताया कि बीती रात अज्ञात बदमाश दुकान के अंदर घुसे और सोफा बनाने में इस्तेमाल होने वाली 5 कीमती मशीनें चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## दुर्गानगर कॉलोनी की सड़क अब सीधे जुड़ेगी नेमावर रोड से

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा तीन के वार्ड क्रमांक 64 से जुड़ी दुर्गा नगर कॉलोनी क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में अगले माह शुरू होने वाली गणेश चतुर्थी महोत्सव से पहले नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर कॉलोनी के मुख्य मार्ग से लेकर भीतर तक करीब 700 मीटर लंबी सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के लिए निगम द्वारा खुदाई का काम शुरू कर दिया है। जिसका फायदा आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासियों को नई चमचमाती सीमेंट सड़क के रूप में मिलने वाला है। ऊबड़-खाबड़ सड़क से मिलेंगी मुक्ति-गौरतलब है कि क्षेत्र के रहवासी परिवार ऊबड़-खाबड़ सड़क से मुक्ति और नई सड़क निर्माण कर नेमावर रोड से जोड़ने के लिए क्षेत्रीय पार्षद से लंबे समय से मांग कर रहे थे। वहीं अब लोगों की मांग पर विधायक गोलू शुक्ला द्वारा उक्त सड़क की मंजूरी निगम से करवाकर लोगों को बड़ी सौगात दिलवाई है। जिससे अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द अगले माह में शुरू होने वाले 10 दिवस की गणेश चतुर्थी महोत्सव से पहले क्षेत्र के रहवासियों को घर के सामने नई चमचमाती सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है जिसको लेकर लोगों में दोहरी खुशी है।

# बारिश के मौसम में भी कायम है पानी की समस्या

### अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर आगे आ रहे हैं विधायक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। इस समय बारिश का मौसम चल रहा है लेकिन शहर में पानी की समस्या कम होने या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस स्थिति में अपने क्षेत्र की पानी की समस्या का समाधान करने के लिए अब विधायक आगे आने लगे हैं।

हमेशा तो शहर में केवल गर्मी के मौसम में पानी की समस्या पैदा होती थी। इस साल गर्मी के मौसम में पानी की समस्या सबसे ज्यादा पैदा हुई। हर नागरिक पानी की कमी से दो-दो हाथ करता हुआ नजर आया। बड़ी संख्या में बोरिंग बंद हो जाने के कारण यह समस्या ज्यादा गंभीर हो गई थी। ऐसे में नगर निगम तो नागरिकों को उनकी आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए पानी नहीं दे सका लेकिन हां लोगों ने जरूर प्रायवेट टैंकर वालों से पानी खरीद कर अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर ली।

यह पानी की समस्या अब बारिश के मौसम में भी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। इस समय भी शहर के बहुत सारे क्षेत्र में पानी की समस्या सिर उठाकर बोलती हुई नजर आ रही है। बड़ी संख्या में नागरिक इस स्थिति से परेशान है कि उनके घर पर नल में पानी नहीं आ रहा है, हर घर नल और हर नल-जल का नारा लगाने वाली भाजपा की परिषद कार्यकाल में ही लोग पानी के लिए बुरी तरह परेशान हो रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए अब विधायकों के द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्ड की पानी की समस्या का समाधान करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है और योजना तैयार करवाने का काम किया जा रहा है। जहां भी पानी की समस्या है वहां के लिए नगर निगम के पास तो एक ही जवाब है कि जब अमृत 2.0 का काम होगा तो वहां पर पानी आने लगेगा। यह काम अभी इतनी ज्यादा धीमी गति से चल रहा है कि इसे पूरा होने में तीन-चार साल का समय लगेगा। ऐसे में इतने समय तक नागरिक पानी की समस्या से दो-दो हाथ कैसे कर सकेंगे। यही कारण है कि अब विधायक के द्वारा कोशिश करके इस समस्या का समाधान करवाने की कोशिश की जा रही है।

## पटेल की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिता



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व मंत्री निर्भयसिंह पटेल की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जाल सभागृह में किया गया। विधायक मनोज पटेल, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, गुमानसिंह पंवार, जालमसिंह सोलंकी, सोनाली धारकर, राजू जाट, देवकरण दरबार, सोहन पटेल, सुनील जाधव, सुशील शर्मा की उपस्थिति में आयोजन हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## एशियाड टीमों के चयन में कटौती

# पदकवीर लवप्रीत को जगह नहीं, टेनिस-जूडो-रोइंग में भारी कटौती पर रोष

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के दल में एक ऐसे वेटलिफ्टर को शामिल कर लिया गया है जो चोटिल है और इन खेलों के लिए तैयारियां ही नहीं कर रहा है। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाले ऋषिकांत सिंह वेटलिफ्टिंग टीम में शामिल इकलौते पुरुष लिफ्टर हैं। ऋषिकांत को ग्लासगो में ही चोट लग गई थी और डॉक्टरों ने उन्हें तीन माह के आराम की सलाह दी थी।

इसके बाद वह मोदीनगर में चल रहे कैंप में शामिल ही नहीं हुए, लेकिन साई की ओर से एशियाई खेलों के दल की समीक्षा में ऋषिकांत को टीम में शामिल कर लिया गया, लेकिन राष्ट्रीय शिविर में इन खेलों की तैयारियां कर रहे लिफ्टर लवप्रीत सिंह को बाहर कर दिया गया है।

लवप्रीत ने भी सुपर हैवीवेट वर्ग में 400 किलो से ऊपर वजन उठाते हुए ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत जीता था। वह मई में गांधीनगर में हुई एशियाई चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे, लेकिन उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से खेल मंत्रालय को मंजूरी के लिए 504 खिलाड़ियों का दल भेजा गया था, लेकिन मंत्रालय ने 492 खिलाड़ियों को मंजूरी दी है। सिर्फ वेटलिफ्टिंग ही नहीं टेनिस, जूडो और रोइंग की टीम में कई प्रमुख खिलाड़ियों के नाम काटे जाने पर भारी रोष है।

### नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बाहर

जूडो में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले हर्ष सिंह और पदक विजेता उन्नति शर्मा को टीमें में जगह नहीं दी गई है। सिर्फ तीन महिला जुडोका टीम में हैं, जबकि जूडो महासंघ ने सात पुरुष और सात महिला जुडोकाओं को शामिल किया था। वहीं टेनिस में देश की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी सहजा यामलापल्ली, वैष्णवी अडकर, वैदेही चौधी, प्रार्थना थोंबारे और पुरुष खिलाड़ी मानस धामने को साई की समीक्षा में टीम से बाहर कर दिया गया। टेनिस महासंघ (आईटा) ने एशियाड के लिए 12 सदस्यी टीम चुनी थी, लेकिन मंजूरी सात को दी गई है। वहीं महिला एशिया कप रोइंग में पदक जीतने वाली दिलजोत कौर, सुमन देवी के अलावा भारती देवी को दल से बाहर किए जाने पर रोष है। ताइक्वांडो में पुरुष टीम को बाहर कर दिया गया है।

### सर्फिंग की पूरी टीम रोकी

आईओए 36 खेलों की मंजूरी मांगी थी, लेकिन साई ने चार सदस्यी सर्फिंग टीम को रोक दिया है। इससे पहले साई ने अपनी प्रारंभिक समीक्षा में मॉडर्न पेंटाथलन (4) और ट्रायथलन (4) का नाम भी काट दिया था। टेनिस खिलाड़ियों के नाम प्रारंभिक समीक्षा में ही कटे हैं। इस दौरान साई ने 85 से अधिक खिलाड़ियों को मंत्रालय की चयन नीति के खिलाफ पाते हुए उनका नाम काटा था।

## भोजशाला विवाद पर आज धार जिला मुकम्मल बंद, हिंदू समाज प्रशासन को सोपेंगा ज्ञापन




धार प्रतिनिधि
नितिन राठौर

ऐतिहासिक भोजशाला विवाद को लेकर आज धार शहर सहित पूरा जिला दोपहर तक पूरी तरह बंद रहा। सकल हिंदू समाज के आह्वान पर आयोजित इस धार बंद को व्यापारिक संगठनों का व्यापक समर्थन मिला। धार मुख्यालय के अलावा औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर और बदनावर जैसे प्रमुख कस्बों में भी सुबह से बाजार पूरी तरह बंद रहे और सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। बंद के बाद हिंदू समाज के हजारों कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली के रूप में स्थानीय कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को सामूहिक ज्ञापन देंगे। इधर, बंद के मद्देनजर जिला पुलिस प्रशासन सुबह से ही हाईअलर्ट पर रहा। संवेदनशील इलाकों सहित भोजशाला परिसर के आसपास भारी पुलिसबल और सुरक्षा एजेंसियां तैनात की गईं। प्रशासन के अनुसार, पूरे जिले में बंद शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# मप्र हैंडबॉल संघ की कार्यकारिणी घोषित




**इंदौर।** मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ की 2026–30 पदाधिकारी व कार्यकारिणी का गठन एवं घोषणा राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार की गई। स्थानीय बैंक्वेट हॉल में आयोजित चुनावी वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 40 जिलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि सदस्यों ने उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया ।

चुनाव प्रक्रिया हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार सिंह, महासचिव, गुजरात हैंडबॉल संघ की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव के लिए हाईकोर्ट अधिवक्ता एवं नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर आकाश आर. शर्मा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्षः दीपक जैन टीनू (इंदौर), वरिष्ठ उपाध्यक्षः अमित त्रिपाठी (इंदौर), उपाध्यक्षः मनीष वाजपेई (विदिशा), उपाध्यक्षः जया जोगदंड (इंदौर), महासचिवः डॉ. हरदीप सिंह रुप्पल (इंदौर), कोषाध्यक्षः कुलवंत सिंह सैनी (इंदौर), सह-सचिवः राजकुमार संगर (ग्वालियर), सह-सचिवः विजय रावल (रतलाम), सह-सचिवः एडवोकेट विनिता चौहान (इंदौर)। कार्यकारी सदस्य विवेक दत्त शर्मा (दमोह), अरविंद जरारिया (रायसेन), भरत पांडे (भोपाल), दीपेश पवार (इंदौर), सलोनी कौर (इंदौर) एवं दीप्ती बिंजवा (देवास) को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हैंडबॉल खेल को और मजबूत करना, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना, प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना तथा जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करना व गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

# प्रबंधकों का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आईपीसी बैंक इंदौर की वार्षिक साधारण सभा में गांधीनगर के सुपरवाइजर व जंबूडी हप्सी संस्था के प्रबंधक मनोज दुबे को संस्था में अमानत राशि के उचित संग्रहण के लिए व बुरानाखेड़ी संस्था के प्रबंधक मुकेश मौर्य को संस्था का श्रेष्ठ संचालन करने पर उमानारायण पटेल, आलोक जैन ने सम्मानित किया। गुलाबसिंह डाबी, भंवर सर, नरेंद्र परमार, बाबूलाल मौर्य, वरुण शर्मा, राहुल शर्मा, वीरेंद्र पथरिया, गिरधर चंदेल, गोपाल यादव व राधेश्याम गौड़ ने सम्मान पर बधाई दी।



## सावरिया सेठ के लगे जयकारे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री सांवरिया मित्र मंडल द्वारा सांवरिया पदयात्री का आयोजन किया जा रहा है। आज सांवरिया सेठ से जुड़े श्रद्धालु बड़ा गणपति से निकले और सांवरिया सेठ के जयकारे भी लगाए।**

# खाती मोहल्ला, रवि नगर और अलकापुरी में अब नई सड़क की बारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52 में स्थित खाती मोहल्ला क्षेत्र और रविनगर के साथ ही अलकापुरी कॉलोनी की विभिन्न गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी सड़कों की बजाय अब क्षेत्रीय पार्षद सावित्री -सुदामा चौधरी द्वारा इसी मानसून सीजन में बेहद जल्द पुरानी ऊबड़ - खाबड़ सड़कों की बजाय नई चमचमाती सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा भी जारी हो गई है। वहीं अब निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है।

### जल्द काम शुरू होगा ताकि समस्या का हो समाधान

कहा जा रहा है कि अब बेहद जल्द क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर सड़क



### वार्ड 52 में पार्षद निधि से शुरू होगा सड़कों का निर्माण

निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा करीब 30 लाख रुपए के आसपास खर्चकर वार्ड के जिन प्रमुख क्षेत्रों में ड्रेनेज और नर्मदा के साथ बोरिंग की लाइन डालने के लिए खुदाई से खराब हुई सड़कों को आवश्यक सुधार कर नव निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने बताया लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी नई सड़क निर्माण और पुरानी खुदी सड़क के सुधार को लेकर मांग कर रहे थे। जिसकी मंजूरी को लेकर निगम में लगातार प्रयास कर रहे थे। वहीं अब टेंडर प्रक्रिया के बाद उम्मीद है जल्द काम भी शुरू हो जाएगा जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# 42 नए ग्रिडों से बिजली आपूर्ति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ता सेवा संचालन और बिजली की बढ़ती मांग की गुणवत्ता के साथ पूर्ति करने के लिए सघनता से प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष के दौरान मालवा निमाड़ में 33/11 केवी के 42 नए सब स्टेशन बनाकर किसानों, उद्योगों, घरेलू, गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली प्रदाय प्रारंभ कर दिया है। एक वर्ष में आरडीएसएस के 26 और एसएसटीडी के16 सब स्टेशनों का निर्माण हुआ है। इन ग्रिडों से लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इंदौर व उज्जैन शहर के कुछ स्थानों पर अंडर ग्राउंड केबल स्थापना का कार्य कुशलता से किया गया है। इंदौर और उज्जैन शहर में कवर्ड कंडक्टर का कार्य भी प्रारंभ हो चुका हैं, इससे फाल्ट में काफी हद तक कमी आएगी।

# आईपीएल से पहले टेस्ट खेलने वालों में सारांश का नाम भी जुड़ा

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो के एसएससी मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में 33 साल के ऑलराउंडर सारांश जैन को भारतीय टीम की कैप दी गई। इसके साथ ही वह 21वीं सदी में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार खेल और इंडिया ए के हालिया श्रीलंका दौरे में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्हें यह मौका मिला। 2025-26 के रणजी सीजन में सारांश ने बल्ले से 57.55 की औसत से 518 रन बनाए और गेंद से 20.43 की औसत से 30 शिकार किए। हालांकि, उनके इस डेब्यू के साथ एक बेहद अनोखा रिकॉर्ड जुड़ा है। सारांश ने आईपीएल में एक भी मैच खेले बिना सीधा इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा है। ऐसे ही और भी कई क्रिकेटर भारत के लिए पहले खेल चुका है।

पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज मुरली विजय का नाम इस अनोखी सूची में शामिल है। विजय ने अपने आईपीएल डेब्यू से करीब एक साल पहले ही भारतीय टेस्ट टीम में जगह बना ली थी, जब उन्होंने 2008 में



नागपुर के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेला था। इसके बाद 2009 की आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 12 लाख रुपये में अपनी टीम से जोड़ा जहां से उनके आईपीएल करियर का आगाज हुआ।

भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के मुख्य हथियार रहे मोहम्मद शमी ने भी आईपीएल में कदम रखने से पहले ही इंटरनेशनल पर अपनी छाप छोड़ दी थी। उन्होंने जनवरी 2013 में दिल्ली के मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मुकाबले से भारत के लिए डेब्यू किया था। इसके कुछ ही महीनों बाद अप्रैल 2013 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें मौका दिया जहां उस सीजन उन्होंने 3 मैच खेले। इसके बाद शमी ने दिल्ली, पंजाब, गुजरात, हैदराबाद और लखनऊ जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 132 आईपीएल मैचों में 145 विकेट झटके।

इस खास सूची में सबसे ताजा नाम खुद सारांश जैन का है जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 54 मुकाबले खेल चुके सारांश के नाम 31.75 की औसत से 2223 रन (2 शतक, 14 अर्धशतक) और 27.30 की औसत से 188 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा 47 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 553 रन बनाने के साथ 38 विकेट लिए हैं और 20 टी20 मुकाबलों में 19.11 की औसत से 18 विकेट चटकाए हैं। आईपीएल नीलामी में 2024, 2025 और 2026 के दौरान वे शॉर्टलिस्ट भी हुए लेकिन किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

# मेरे पिता फौजी थे और मेरे दादा किसान, यही मेरी जड़ें हैं इन्हें नहीं भूलना चाहता: जुरैल

**नई दिल्ली।** ध्रुव जुरेल का इंस्टाग्राम बायो बेहद सरल, लेकिन आकर्षक है मांबा मेंटालिटी। यह शब्द बास्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट ने खुद का सर्वश्रेष्ठ रूप हासिल करने की अपनी निरंतर कोशिश और मानसिकता को व्यक्त करने के लिए गढ़ा था। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को जुरेल की नाबाद 115 रन की पारी इस सोच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की गवाही देती है।



शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने सलामी दी और अपनी बांह पर बना 'जय जवान, जय किसान' का टैटू दिखाया। उन्होंने बताया कि उनके दादा किसान थे और पिता सैनिक रहे हैं। उन्होंने कहा, यही मेरी जड़ें हैं और मैं इन्हें भूलना नहीं चाहता। इसलिए वह ओपनिंग मेरे पिता और दादा के लिए थी। जुरेल ने यह भी बताया कि भारत ए के साथ श्रीलंका का दौरा करने से उन्हें मौजूदा सीरीज की तैयारी में काफी मदद मिली।

जुरेल 99 रन तक बेहद संयमित बल्लेबाजी करने के बाद कुछ समय तक रन निकालने में विफल रहे। उन्होंने अपने दौड़ लगाकर किसी तरह एक रन चुराकर शतक पूरा किया। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने इस घटनाक्रम को मजाकिया अंदाज में याद किया। उन्होंने कहा कि 99 रन तक उन्हें आसानी से रन मिल रहे थे, लेकिन उसके बाद गेंदबाज असिता फर्नांडो ने बेहतर लेंथ पर गेंदबाजी शुरू की और श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षण भी ज्यादा चुस्त हो गया। फर्नांडो की गेंद पर सीधे बल्ले से शॉट खेलने के बाद जब जुरेल ने गेंद के सामने फील्डर को तेजी से आते देखा तो उन्हें लगा, 'ओह! मैंने ये क्या कर दिया।'

## चौहान ने स्वर्ण पदक जीता

**इंदौर।** भगवती कॉन्वेंट हा से स्कूल हातोद के कक्षा 11वीं के छात्र राजकुमार चौहान ने एमराल्ड हाइट स्कूल में आयोजित SGFI डिस्ट्रिक लेवल 400 मि. एथलेटिक प्रतियोगिता में 55 से. में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक प्रमोद गुप्ता, पुलक गुप्ता, प्रिंसिपल मनीषा होलकर, उपप्राचार्य कीर्ति राठौर, कोच शुभम चौहान, विकास केशवाल व अन्य सभी शिक्षक ने बधाई दी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



## विरेंद्र, सिया, रौनक, पूर्वी ने जीते पदक

**इंदौर।** मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ द्वारा सागर में आयोजित 10वीं क्रेडिट, 38वीं जूनियर, सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में 6 स्वर्ण, 2 रजत व 6 कांस्य पदक अर्जित किए। स्वर्ण पदक अमन शिंदल, नीलम कुलकर्णी, विरेंद् डांगी, सिया जोशी, रौनक नवले, पूर्वी आर्य ने जीते । वहीं रजत पदक स्वपनिल नवले, पीहू यदुवंशी तथा कांस्य पदक युवराज सिंह यादव, साखी डांगी, नैतिक मुदेले, रुद्रांश दुबे, रिया बांगर ने पदक अर्जित करते हुए बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया । स्वर्ण पदक खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।



## कांग्रेस नेता रहे मुकाबले में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जीरो 9 टर्फ, खजराना में आयोजित द हिटर कप सीजन-1 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। इसमें अतिथि कांग्रेस नेता दानिश खान, मदन परमालिया थे। मौके पर अजहर खान, कय्यूम मेव, अयान शेख, मिजान खान, फरहान खान, फैजान गुलाब टी, अफराज खान एवं नवाज गुलाब टी उपस्थित रहे।

## इंदौर के तिवारी महासचिव, जेठवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व समीर व्यास उपाध्यक्ष बने

**इंदौर।** राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के 9वीं त्रि वार्षिक साधारण सभा की निर्वाचन बैठक का आयोजन इंदौर में किया गया। बैठक में सर्वानुमति से मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग का अध्यक्ष पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेस जितेन्द्र सिंह कुशवाह वहीं महासचिव पद के लिए अतिन तिवारी को पुनः प्रदेश बॉडीबिल्डिंग का महासचिव चुना गया । संस्था द्वारा बॉडीबिल्डिंग खेल व बॉडीबिल्डर्स के लिए सतत 15 वर्षो से बॉडीबिल्डिंग खेल के लिए बेहतरीन कार्य के



लिए सम्मानित किया गया।

राज्य निर्वाचन की बैठक में प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 73 से भी अधिक जिला पदाधिकारियों ने सहभागिता की । बैठक में पूर्व कार्यकाल का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया । साथ ही वर्ष 26- 27 में मध्य प्रदेश में एक राष्ट्रीय, एक वेस्टर्न इंडिया, 6 राज्य स्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित करने का संकल्प लिया । राज्य संस्था के चेयरमेन प्रेम सिंह यादव, सीनियर उपाध्यक्ष रोहित जेठवा, समीर व्यास उपाध्यक्ष, दिनेश पालीवाल उपाध्यक्ष, महासचिव अतिन तिवारी एवं कोषाध्यक्ष पद का दायित्व राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को दिया गया। वर्ष 26 में मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ीगण का केश प्राइज एवं मोमेंटो प्रदान कर अभिनंदन किया मध्य प्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में अफराज खान - मेन फिजिक (उज्जैन), राजीव साहू - बॉडी बिल्डिंग - ग्वालियर, प्रदीप ठाकुर - बॉडी बिल्डिंग - देवास, अरबाज खान - बॉडी बिल्डिंग - नीमच, सुल्तान (अल्ताफ) - बॉडी बिल्डिंग - भोपाल रहे ।

# श्रीजेश ने टीम मैनेजमेंट और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** महिला टीम के बाद पुरुष भारतीय हॉकी टीम भी विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाई। टीम के पूर्व गोलकीपर और दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पीआर श्रीजेश ने भारतीय हॉकी प्रबंधन पर तीखा हमला बोला है और टीम मैनेजमेंट और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं । भारतीय पुरुष टीम का अभियान सोमवार को अर्जेंटीना के खिलाफ 3-5 की हार के साथ खत्म हो गया। नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत को सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए जीत जरूरी थी, लेकिन टीम ऐसा नहीं कर सकी । अब भारत सातवें स्थान के मुकाबले में बेल्जियम से भिड़ेगा।

भारत की सबसे बड़ी कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर रहे। टीम को मिले सातों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए । पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण रखने के बावजूद भारतीय खिलाड़ी गोल में मौके नहीं बदल सके ।





पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले श्रीजेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर भारतीय हॉकी की कार्यशैली पर सवाल उठाए । उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, चिंता मत कीजिए, वर्ल्ड कप से कोई फर्क नहीं पड़ता। एशियन गेम्स आने वाले हैं। वहां मेडल जीतिए, और फिर हम ओलंपिक के सपने देख सकते हैं। जाहिर है वर्ल्ड कप में जो कुछ भी गलत हुआ, उसकी भरपाई के लिए इतना काफी है।

**कोच टूर्नामेंट से पहले छुट्टी मना रहे थे-** श्रीजेश ने महिला टीम के मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने सवाल उठाया कि वर्ल्ड कप से पहले तैयारी के अंतिम चरण में महिला टीम के मुख्य कोच छुट्टी पर कैसे जा सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा कि टीम ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन जवाबदेही तय होनी चाहिए। पूर्व भारतीय गोलकीपर ने कहा कि जब टीम किसी बड़ी टीम से हारती है तो उसे 'सीखने का अनुभव' बताया जाता है, जबकि एशियाई टीमों के खिलाफ जीत को बड़ी सफलता के रूप में पेश किया जाता है। श्रीजेश ने लिखा- सीखने, अच्छी हॉकी और भविष्य के टूर्नामेंट्स की आड़ लेना बंद करें। वर्ल्ड कप कोई रिहर्सल नहीं है। यह वर्ल्ड कप है। तो मुश्किल सवाल कौन पूछेगा? जवाबदेही की मांग कौन करेगा? और सबसे जरूरी बात, क्या किसी को सच में इसकी परवाह है?

# तीन ऑनलाइन फ्रॉड की वारदात, 5.87 लाख की लगाई चपत

## बिजली बिल पेंडिंग का झांसा देकर 2.06 लाख, शॉपिंग के नाम पर 1.25 लाख और खाता हैक कर उड़ाए 2.56 लाख रुपये

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बाणगंगा थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की तीन अलग-अलग वारदातों को अंजाम देते हुए तीन लोगों को कुल 5 लाख 87 हजार रुपये से अधिक का चूना लगा दिया। शातिर ठगों ने किसी का बिजली बिल काटने का डर दिखाकर, तो किसी का मोबाइल फोन हैक कर बैंक खातों से लाखों रुपये पार कर दिए। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

न्यू जगन्नाथ नगर निवासी भजनलाल पिता प्रेमनारायण विश्वकर्मा को अज्ञात नंबर 8274817464 से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि बिल पेंडिंग है और डिटेल्स अपडेट न करने पर रात में बिजली काटने की धमकी दी। आरोपी ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजी, जिसे खोलते ही फरियादी का मोबाइल हैक होकर हैंग हो गया। इसके बाद ठग ने उनके एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 11 ट्रांजेक्शन कर कुल 2,06,000 रुपये डेबिट कर लिए।

दूसरी वारदात बैजनाथ धाम कॉलोनी रेवती निवासी रविंद्र सिंह पिता जीत सिंह यादव के साथ हुई। फरियादी ने जब अपना मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उनके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और एसबीआई खाते से फ्लिपकार्ट के माध्यम से 2 अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 1,25,000 रुपये का मोबाइल खरीद लिया गया है। जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका फोन हैक कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

वहीं ठगी की तीसरी वारदात जगन्नाथ नगर निवासी उमेश पंवार के साथ सामने आई है। फरियादी ने जब अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट चेक किया, तो उनके होश उड़ गए। उनके खाते से 6 अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2,56,658 रुपये डेबिट हो चुके थे। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने उनका मोबाइल फोन हैक कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

# नानी के घर गए युवक को बदमाशों ने घेरा, डंडे व लात-घूँसों से पीटा

### गाड़ी पार्क करने की बात पर हुआ विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में नानी के घर मिलने पहुंचे एक युवक को क्षेत्र के बदमाशों ने बेवजह घेर लिया और फिर लात-घूँसों व लकड़ी के डंडों से जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोप कॉलोनी निवासी मोहम्मद खुर्शीद ने आजाद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह मदीना नगर गेट के पास स्थित अपनी नानी के घर गया था। वहां जैसे ही उसने अपनी गाड़ी खड़ी की, तभी इलाके के बदमाश सैफा, शाहरुख उर्फ पेट्रोल और उनका एक साथी वहां आ धमके और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे।जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी आपा खो बैठे। आरोपी शाहरुख उर्फ पेट्रोल ने अपने पास रखे लकड़ी के डंडे से फरियादी पर हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ और कंधे पर गंभीर चोटें आईं।

वहीं, सैफा और उसके साथी ने भी पीड़ित को नीचे गिराकर लात-घूँसों से बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## पिस्टल और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया इलाके में पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बंटी पिता अनिरुद्ध साहू, निवासी गोयल ग्रीन को संदिग्ध हालात में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह हथियार कहां से लेकर आया था और हथियार रखने की पीछे उसकी क्या मंशा थी।

# राखी मनाने मायके जा रही महिला की मौत

### बाइक सवार टक्कर मारकर भागा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



लसूड़िया थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की जान चली गई। पीड़िता अपने पति और 8 साल के मासूम बेटे के साथ रक्षाबंधन मनाने मायके जा रही थी, तभी बेस्ट प्राइज के पास एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, पूजा पाटीदार पति निर्मल पाटीदार, निवासी तिल्लोर खुर्द पति और बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर उज्जैन स्थित अपने मायके जा रही थी। एबी रोड पर बेस्ट प्राइज के सामने एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पूजा सड़क पर गिर पड़ीं और उनके सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों की मदद से उन्हें 108 एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस फरार बाइक चालक की तलाश कर रही है।

# मिस्त्री ने लगाई फांसी, साले और पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप, मायके में रह रही थी पत्नी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एक शादीशुदा युवक ने पारिवारिक कलह के चलते अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। पेशे से मिस्त्री बलराम पिता मांगीलाल (35) निवासी कृष्णबाग कालोनी ने घर में फांसी लगा ली। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें बलराम ने पत्नी और साले पर प्रताड़ना के आरोप लगाए है। बताया जा रहा है कि बलराम की करीब 8 साल पहले शादी हुई थी, उसकी एक बेटी भी है। पत्नी लम्बे समय से मायके में रह रही थी। इसी के चलते बलराम



ने दो दिन पहले साले को फोन कर पत्नी को वापस भेजने को भी कहा था लेकिन बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई। इस पर बलराम को धमकी भी मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गुम फोन की बात करने पर हुआ विवाद

### दो बदमाशों ने पाइप और ईंट से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छत्रीपुरा थाना के अंतर्गत स्वास्तिक नगर के पास बातचीत कर रहे दो युवकों पर दो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। बदमाशों ने एक युवक पर प्लास्टिक के पाइप से वार किया, तो वहीं बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त पर ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रोशन पिता अजय उमाप निवासी स्वास्तिक नगर ने छत्रीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया था, जिसके संबंध में वह अपने दोस्त बादल देहड़िया के साथ खड़ा होकर बात कर रहा था। उसी दौरान क्षेत्र के रहने वाले आरोपी मनोज यादव और सतीश यादव दोनों निवासी बालदा कॉलोनी वहां पहुंचे और बेवजह शंका करते हुए उनसे बहस करने लगे कि तुम दोनों हमारे बारे में क्या बात कर रहे हो। जब रोशन ने स्पष्ट किया कि वे उनके बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं, तो दोनों आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। फरियादी द्वारा गाली देने का विरोध करने पर आरोपी मनोज यादव ने अपने हाथ में लिए प्लास्टिक के पाइप से रोशन की पीठ पर वार कर दिए। इसी बीच जब रोशन का दोस्त बादल देहड़िया उसे बचाने आगे आया, तो आरोपी सतीश यादव ने पास में पड़ी ईंट उठाकर बादल पर दे मारी, जिससे दोनों दोस्त घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## पानी पीने उठे युवक की संदिग्ध मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कुलकर्णी भट्टा निवासी निखिल पिता विनोद राठौर की घर में ही संदिग्ध मौत हो गई। बताया जा रहा है कि निखिल कल महाकाल सवारी में गया था। जिसके बाद घर लौटा। जब वह पानी पीने के लिए उठा और अचानक गिर गया। अचेत हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई।

# बातचीत के बहाने मोबाइल छीना, बेल्ट से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में मोबाइल छीनकर युवक को कमरे में बंद कर बेल्ट से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले तो बात करने के बहाने पीड़ित का मोबाइल छीना और फिर उसे एक कमरे में ले जाकर अपने साथी के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर डाली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी जिकुरला पिता तबरेज दिवान निवासी मोती तबेला ने पंढरीनाथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। फरियादी ने बताया कि वह गली में खड़ा होकर मोबाइल चला रहा था, तभी क्षेत्र का अरबाज अंसारी अपने साथी नौशाद के साथ वहां पहुंचा।

अरबाज ने किसी से बात करने का बहाना बनाकर जिकुरला से मोबाइल मांगा। जब फरियादी ने मोबाइल देने से इनकार किया, तो आरोपी अरबाज जबरन उसके हाथ से मोबाइल छीनकर आगे बढ़ गया। पीड़ित अपना मोबाइल वापस लेने के लिए अरबाज के पीछे-पीछे चलने लगा। आरोपी उसे राजा हुसैन नामक व्यक्ति के कमरे पर ले गया और वहां मौजूद राजा को बाहर भेज दिया। इसके बाद अरबाज और नौशाद ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। दोनों आरोपियों ने फरियादी के साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए बेल्ट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और जमकर मारपीट की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।